आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 22.10.2024   समय : 18.30 पीएम

- राज्य सरकार ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के साथ तीन लाख करोड़ रुपये का समझौता किया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरित किये–सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रेणी में सीकर के सरकारी उच्च प्राथमिक स्कूल को पहला पुरस्कार मिला।
- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी–आज चार नामांकन दाखिल।
- बारां और शाहपुरा जिले में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में आज दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए।

000

राज्य सरकार ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में संयुक्त अरब अमीरात के साथ तीन लाख करोड़ रुपये का समझौता किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की मौजूदगी इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस निवेश से पश्चिमी जिलों में 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड और हाइब्रिड परियोजना की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूएई के साथ साझेदारी में लागू होने वाली इस परियोजना से राजस्थान अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनेगा। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए हैं। लगभग 10 महीने के कार्यकाल में 32 हजार मेगावॉट के संयंत्र लगाने के एमओयू साइन किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यूएई के निवेश मंत्री को आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के लिए आमंत्रित किया।

000

ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर शून्य कार्बन उत्सर्जन यानि नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट से अधिक हो गई है और राजस्थान 29 दशमलव आठ पांच गीगावाट क्षमता के साथ इसमें सर्वाधिक योगदान दे रहा है। श्री नागर आज जयपुर में साउथ एशियन क्लीन एनर्जी फोरम के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। श्री नागर ने कहा कि क्लाइमेट चेंज से उत्पन्न चुनौतियों का मजबूती से मुकाबला करने तथा अक्षय ऊर्जा तक आमजन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और राजस्थान इस दिशा में उदाहरण पेश कर रहा है। उन्होंने नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने के लिए भारत में अमरीकी राजदूत एरिक गार्सेटी का धन्यवाद किया। इससे पहले भारत में अमेरिकी राजदूत ने कहा कि विश्व की करीब एक–चौथाई जनसंख्या तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में 28 प्रतिशत भागीदारी रखने वाले इस उप महाद्वीप में क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने क्लाइमेट चेंज के कारण पर्यावरण पर बढ़ते खतरों की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि सरकार ने जलजीवन मिशन के तहत देश के 78 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण घरों में नल से जल के कनेक्शन दिए हैं। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार वितरण समारोह में कहा कि वर्ष 2019 में मिशन की शुरूआत के समय सिर्फ 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में स्वच्छ जल की उपलब्धता थी। राष्ट्रपति ने बताया कि जलजीवन मिशन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में राज्य सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश की भूमिगत जल में कमी होने पर चिंता व्यक्त की। आज

दिये गये पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में पहले पुरस्कार ओडिशा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ स्कूल श्रेणी में राजस्थान में सीकर के सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय को पहला पुरस्कार दिया गया। आकाशवाणी से बातचीत में स्कूल के प्रधानाचार्य हरिराम कुल्हरी ने कहा कि पिछले एक वर्ष में जल संचयन को लेकर बहुत से कार्य किये गये हैं।

000

देश में बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क शुरू होने के बाद से ग्राहकों की संख्या पिछले छह महीनों में 75 लाख से बढकर एक करोड 80 लाख हो गई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में बीएसएनएल के नए लोगो और सात नई सेवाओं का उद्घाटन करते हुए ये जानकारी दी। श्री सिंधिया ने कहा कि भारत विश्व के उन छह देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अपना 4जी नेटवर्क विकसित किया है और जल्दी ही इसे 5जी नेटवर्क में बदला जाएगा। बीएसएनएल का नया लोगो विकास, पहुंच और विश्वास का प्रतीक है।

000

राज्य में विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई ताजा जानकारी के अनुसार आज चार विधानसभा क्षेत्रों में चार नामांकन पत्र भरे गये हैं। आज दौसा, सलूम्बर, चौरासी और देवली–उनियारा विधानसभा सीट के लिए एक–एक पर्चा दाखिल हुआ है। इन्हें मिलाकर अब तक उपचुनाव के लिए कुल पांच नामांकन दाखिल हुए हैं। नामांकन 25 अक्टूबर तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी और नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को होगा। 23 नवम्बर को वोटों की गिनती की जाएगी।

000

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव के दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालना की जा रही है। साथ ही मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां भी जोर शोर से जारी हैं। सलूम्बर में शांतिपूर्ण और भयमुक्त चुनाव के लिए पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है। जगह–जगह नाकाबंदी कर जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

उधर, दौसा में चुनाव डयूटी में लगे वाहन से भारी मात्रा में शराब जब्त की गई है। दौसा की भांकरी पुलिया के पास पुलिस ने संदेश के आधार पर इस वाहन की जांच की। इस दौरान वाहन में 25 पेटी शराब बरामद हुई। देवली–उनियारा विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने अपराधियों की धरपकड के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें 85 लोगों को पकडा गया और 93 मामले दर्ज किये गये। उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरुक करने के लिए कई तरह के आयोजन हो रहे हैं। सलूम्बर के सराडा कस्बे में रैली का आयोजन हुआ। मोहल्ला रिसाला और पलटन से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई और रिसाला चौक पर मतदाता जागरूकता रंगोली बनाई गई।

000

प्रदेश में दिसम्बर महीने में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले विभिन्न जिलों में इन्वेस्टर्स मीट आयोजित हो रहे हैं। बारां में आज हुए इस कार्यक्रम में लगभग 580 करोड़ के 46 एमओयू किए गए। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य राजस्थान की अर्थव्यवस्था को साढे तीन सौ मिलियन डॉलर तक पहुंचाना है। इसी तरह शाहपुरा में आयोजित इन्वेस्टर्स मीट में 75 एमओयू हुए। इनके माध्यम से कुल 1 हजार 435 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रभारी मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने निवेशकों से कहा कि राज्य सरकार उनके उद्योगों की स्थापना में हर संभव सहायता देगी। डीग जिले में निवेश को आकर्षित करने के लिये राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर्स मीट कल आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि समिट से पहले 109 करोड़ रुपये से अधिक के 16 एमओयू हो चुके हैं। इससे चार सौ से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा और निवेश भी आने की संभावना है। पाली जिले का निवेशक सम्मेलन कल फालना में होगा। जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने इस मीट की तैयारियों का जायज़ा लिया। कल होने वाले मीट के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। चित्तौड़गढ़ में इन्वेस्टर मीट 24 अक्टूबर को होगी। इसमें 10 हज़ार करोड़ रुपये के एमओयू होने की उम्मीद है।

000

जैसलमेर में राज्य पक्षी गोंडावण के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों से बड़ी उपलब्धता हासिल हुई है। सम स्थित गोंडावण ब्रीडिंग सेंटर में कृत्रिम गर्भाधान से गोंडावण के एक चूजे का जन्म हुआ है। जिला

वन अधिकारी आशीष व्यास ने बताया कि गोडांवण के संरक्षण और उनकी संख्या में इजाफा करने के प्रयासों में यह अब तक की सबसे बड़ी सफलता है।

000

'अमृत भारत स्टेशन' योजना के तहत जोधपुर मंडल के 15 स्टेशनों पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें नागौर, नोखा, बाड़मेर, जालोर, मेड़ता रोड, डीडवाना, गोटन, सुजानगढ़, मारवाड़ भीनमाल, रामदेवरा, बालोतरा, रेन, फलोदी, डेगाना और देशनोक रेल्वे स्टेशन शामिल हैं। इन पुनर्विकास कार्यों पर लगभग 272 करोड 84 लाख रुपए की लागत आएगी। इसके साथ ही मंडल के तीन स्टेशनों जोधपुर, जैसलमेर और पाली मारवाड़ को मेगा रि डेवलपमेंट के तहत विकसित किया जा रहा है। इन स्टेशनों के कार्यों की लागत 889 करोड़ रुपए से ज्यादा है।

000